अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 9 जनवरी 2018

amarujala.com

**PAGE NO. 7. MIDDLE**

# एसआरएमएस और एबी क्लब फाइनल में

प्रतियोगिता के एक मुकाबले में शॉट खेलता खिलाड़ी।

बरेली। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से आयोजित जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम (ब्वॉयज) को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को फाइनल मुकाबला पूर्वाह्न 11 बजे से एसआरएमएस और एबी क्लब के बीच डोरीलाल अग्रवाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। एसआरएमएस ने पहले टॉस जीकर बल्लेबाजी का फैसला लिया और तय 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 109 रन बनाए। टीम की ओर से फरहान ने 31 और हेम ने 20 रन बनाए। स्टेडियम के लिए फरदीन, दिलशाद और आशीष ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य हासिल करने उतरी स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम 10.5 ओवर में ही आउट हो गई। टीम सिर्फ 25 रन ही बना पाई। सबसे अधिक 18 रन अनुराग ने बनाए। एसआरएमएस के रजत ने 4 और वैभव ने दो विकेट झटके। मंगलवार को होने वाले फाइनल मैच में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। मैच के दौरान प्रभारी आरएसओ लक्ष्मी शंकर सिंह, कोच ओपी कोहली, मो. यूसुफ, मो. वसीम, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।